# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, नवा रायपुर

नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

दूरभाष 0771-2331524, फैक्स-0771-2446556 वेबसाईट : www.psc.cg.gov.in


क्रमांक235/03/2025/प.गो. रायपुर, दिनांक15/07/2025

## -:: विज्ञप्ति ::-

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन क्रमांक 01/2025/परीक्षा/दिनांक 03/03/2025 प्रकाशन की तिथि 05/03/2025 के अंतर्गत् सहायक संचालक उद्योग/प्रबंधक (वाणिज्य एवं उद्योग विभाग) परीक्षा-2025 के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु दिनांक 12 जुलाई 2025 को लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। उक्त परीक्षा (प्रश्न पत्र) के मॉडल उत्तर जारी किए जा चुके हैं, जो आयोग की वेबसाईट www.psc.cg.gov.in पर उपलब्ध है। जिन अभ्यर्थियों को प्रश्नों अथवा उत्तर विकल्प/विकल्पों के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो वे निर्धारित तिथि में ऑनलाईन आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

**अभ्यर्थी अपनी आपत्ति केवल ऑनलाईन ही दर्ज कर सकते हैं।**

**ऑनलाईन आपत्ति संबंधी महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत है -**

- ऑनलाईन आपत्ति स्वीकार करने की प्रारंभ तिथि - 15 जुलाई 2025
- ऑनलाईन आपत्ति करने की अंतिम तिथि - 23 जुलाई 2025

ऑनलाईन आपत्ति दर्ज करने संबंधी निर्देश आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

15.7.25

**परीक्षा नियंत्रक**

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग

नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, नवा रायपुर

## सहायक संचालक उद्योग/प्रबंधक (वाणिज्य एवं उद्योग विभाग) परीक्षा-2025

के मॉडल उत्तर के संबंध में ऑनलाईन दावा आपत्ति दर्ज करने संबंधी निर्देश

**महत्वपूर्ण तिथियाँ**

- ऑनलाईन दावा आपत्ति स्वीकार करने की प्रारंभ तिथि - 15 जुलाई 2025
- ऑनलाईन दावा आपत्ति करने की अंतिम तिथि - 23 जुलाई 2025

1. अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से मॉडल उत्तर के संदर्भ में ऑनलाईन दावा आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

2. अभ्यर्थी को Activity Section में जाकर Objection Filing पर Click करना होगा। Click करने पर ऑनलाईन आपत्ति प्रविष्टि हेतु एक नया पेज खुलेगा, जिसमें अभ्यर्थी परीक्षा का नाम, प्रश्न-पत्र, सेट तथा प्रश्न-क्रमांक का चयन करेंगे, तत्पश्चात् आपत्ति के प्रकार का चयन करेंगे, आपत्ति के प्रकार निम्नवत हो सकते हैं -

   a. All Answer Options for questions are incorrect. (प्रश्न के समस्त उत्तर विकल्प गलत है।)
   b. Answer Option issued by Commission is incorrect. (आयोग द्वारा जारी उत्तर विकल्प गलत है।)
   c. More than one Answer Options are correct. (एक से अधिक उत्तर विकल्प सही है।)
   d. Question is wrong. (प्रश्न गलत है।)
   e. Question is out of syllabus. (प्रश्न पाठ्यक्रम से बाहर का है।)
   f. There is factual difference in Hindi and English translation of Question. (प्रश्न के हिन्दी/अंग्रेजी अनुवाद में तथ्यात्मक भिन्नता है।)

3. किसी भी प्रकार की आपत्ति के चयन के पश्चात् अभ्यर्थी को आपत्ति का कारण स्पष्ट रूप से संबंधित बॉक्स में दर्ज करना होगा, इसके बाद आपत्ति के संदर्भ में प्रमाण स्वरूप प्रश्नवार दस्तावेज पीडीएफ में तैयार कर अपलोड करना होगा (पीडीएफ फाईल की साईज अधिकतम 1MB प्रति प्रश्न होनी चाहिए)। किसी भी प्रकार के वेबलिंक के माध्यम से प्राप्त दस्तावेजों को भी डाउनलोड कर निर्देशानुसार संलग्न करना अनिवार्य है. केवल दस्तावेजों के स्रोत (लिंक/टाईटल/ प्रकाशक/ लेखक) का उल्लेख कर प्रस्तुत दावा आपत्तियों को मान्य नहीं किया जाएगा (प्रमाण स्वरूप प्रयुक्त अभिलेख से संबंधित पुस्तक/समाचार पत्र/पत्रिका का नाम अथवा वेबसाईट का लिंक लिखने के पश्चात् लेखक का नाम, संस्करण/प्रकाशन तिथि, संदर्भ पृष्ठों की संख्या इत्यादि का उल्लेख करना भी अनिवार्य होगा)

4. ऑनलाईन आपत्ति दर्ज करने के बाद add (जोड़े) बटन की सहायता से एक से अधिक आपत्तियाँ दर्ज की जा सकती है। अभ्यर्थी उन आपत्तियों को हटा सकता है, जिसे उसने गलती से दर्ज कर दिया हो। अभ्यर्थी द्वारा दर्ज की गई आपत्तियों का विवरण उसे वेब पेज के निचले हिस्से पर दिखाई देगा। आपत्तियों के

5. ऑनलाईन आपत्तियाँ जमा करने के पश्चात् अभ्यर्थी को शुल्क भुगतान संबंधी पेज प्राप्त होगा, जहां Pay Now बटन के माध्यम से समस्त ऑनलाईन आपत्तियों के शुल्क (50/-प्रति प्रश्न) भुगतान की सुविधा प्राप्त होगी।

6. समस्त ऑनलाईन आपत्तियाँ दर्ज करने तथा शुल्क का भुगतान करने के पश्चात् अभ्यर्थी को शुल्क भुगतान की रसीद प्राप्त होगी। शुल्क भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् अभ्यर्थी Dashboard में Activity Section में जाकर Download Acknowledgement को Click कर प्रश्नवार पावती प्रिंट कर सकते हैं।

7. अभ्यर्थियों को प्रति प्रश्न रूपये 50/- दावा-आपत्ति शुल्क का भुगतान करना होगा। ऑनलाइन शुल्क हेतु बैंक को देय कर का भुगतान अभ्यर्थी द्वारा स्वयं किया जाएगा।

8. अभ्यर्थी को, उन सभी प्रश्नों के लिए एक साथ ऑनलाईन दावा आपत्ति दर्ज करने का एक ही अवसर प्राप्त होगा, जिनके सन्दर्भ में उसे दावा आपत्ति प्रस्तुत करनी है। शुल्क भुगतान कर देने के पश्चात् अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन दावा आपत्ति की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी तथा इसके बाद अभ्यर्थी दोबारा ऑनलाईन आपत्ति दर्ज नहीं कर सकेंगे।

9. शुल्क के भुगतान की प्रक्रिया में यदि संबंधित बैंक द्वारा किसी प्रकार का सेवा शुल्क लिया जाता है तो उसके भुगतान का दायित्व आवेदक का होगा। आवेदक ऑनलाईन बैंकिग के दौरान फिशिंग/हैकिंग अथवा अन्य साइबर गतिविधि से बचने के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

10. अभ्यर्थी द्वारा शुल्क के सफलतापूर्वक भुगतान न किए जाने, एक ही प्रश्न-पत्र में अलग-अलग प्रश्न-पत्र सेट की प्रविष्टि करने, ऑनलाईन दावा आपत्ति संबंधी निर्देशों के अनुरुप कार्यवाही न करने की स्थिति में अभ्यर्थी द्वारा दर्ज आपत्ति स्वयंमेव खारिज हो जाएगी एवं इस संदर्भ में आयोग द्वारा किसी भी प्रकार का आवेदन/अभ्यावेदन मान्य नहीं होगा।

11. दावा आपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का ऑफलाईन आवेदन/दस्तावेज आयोग कार्यालय में स्वीकार नहीं किया जावेगा।

15.7.25

**परीक्षा नियंत्रक**

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

## छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, नवा रायपुर

सहायक संचालक उद्योग/प्रबंधक (वाणिज्य एवं उद्योग विभाग) परीक्षा-2025

**MODEL ANSWER**

**GENERAL KNOWLEDGE OF C.G. AND APTITUDE TEST**

| Q. N. | SET-A | SET-B | SET-C | SET-D | Q. N. | SET-A | SET-B | SET-C | SET-D | Q. N. | SET-A | SET-B | SET-C | SET-D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | D | C | C | B | 51 | D | C | B | D | 101 | A | A | A | A |
| 2 | C | D | D | D | 52 | B | B | A | C | 102 | C | B | B | B |
| 3 | D | A | D | D | 53 | A | D | D | D | 103 | A | B | A | C |
| 4 | A | D | A | C | 54 | B | B | B | B | 104 | B | B | B | D |
| 5 | B | C | D | C | 55 | A | A | B | D | 105 | B | D | A | D |
| 6 | A | C | D | D | 56 | A | A | B | D | 106 | A | D | C | B |
| 7 | C | D | D | B | 57 | C | A | A | D | 107 | D | D | C | C |
| 8 | B | C | C | C | 58 | C | B | A | A | 108 | B | B | D | A |
| 9 | A | B | A | A | 59 | C | B | D | B | 109 | A | B | B | C |
| 10 | C | A | B | A | 60 | D | C | B | A | 110 | C | C | D | C |
| 11 | A | C | D | C | 61 | B | C | B | C | 111 | B | B | A | D |
| 12 | A | C | C | C | 62 | C | A | D | B | 112 | B | C | C | A |
| 13 | C | B | C | A | 63 | C | D | C | D | 113 | D | A | D | C |
| 14 | A | B | C | A | 64 | A | D | C | A | 114 | D | A | C | B |
| 15 | A | A | C | C | 65 | C | A | D | B | 115 | D | B | A | A |
| 16 | D | C | A | D | 66 | A | B | A | D | 116 | C | A | A | A |
| 17 | A | A | B | B | 67 | B | C | C | B | 117 | C | A | A | A |
| 18 | B | B | B | A | 68 | D | D | B | C | 118 | B | C | A | C |
| 19 | C | C | A | C | 69 | B | A | C | C | 119 | A | A | B | C |
| 20 | C | C | D | A | 70 | D | C | B | C | 120 | D | C | A | A |
| 21 | D | D | D | B | 71 | B | C | C | C | 121 | C | C | C | D |
| 22 | C | A | A | A | 72 | B | B | D | A | 122 | A | C | C | B |
| 23 | D | D | C | C | 73 | D | A | A | C | 123 | C | D | C | A |
| 24 | D | A | A | C | 74 | C | D | C | A | 124 | A | A | D | C |
| 25 | C | D | C | A | 75 | D | A | C | B | 125 | A | B | C | C |
| 26 | C | C | A | C | 76 | B | C | B | D | 126 | A | B | D | D |
| 27 | D | C | C | C | 77 | D | D | B | A | 127 | D | D | B | C |
| 28 | B | C | B | A | 78 | A | D | A | D | 128 | B | D | C | A |
| 29 | B | A | C | C | 79 | B | D | C | B | 129 | B | C | B | D |
| 30 | D | C | A | B | 80 | C | C | D | A | 130 | D | C | D | D |
| 31 | A | C | C | D | 81 | B | D | D | C | 131 | C | D | D | D |
| 32 | C | D | A | A | 82 | D | A | D | D | 132 | C | A | D | B |
| 33 | C | D | C | C | 83 | B | C | C | D | 133 | D | D | C | B |
| 34 | A | A | A | D | 84 | B | D | C | A | 134 | D | D | D | C |
| 35 | D | B | A | C | 85 | A | A | D | A | 135 | D | B | A | D |
| 36 | C | A | D | D | 86 | C | C | D | B | 136 | C | C | B | C |
| 37 | C | A | C | D | 87 | B | A | B | B | 137 | B | B | C | C |
| 38 | D | A | D | A | 88 | A | B | D | D | 138 | D | B | C | C |
| 39 | D | A | C | C | 89 | C | B | D | B | 139 | C | C | D | B |
| 40 | D | D | A | A | 90 | C | A | B | B | 140 | B | A | C | B |
| 41 | A | A | A | D | 91 | C | A | D | B | 141 | A | B | B | B |
| 42 | C | C | D | A | 92 | D | D | B | B | 142 | C | C | B | D |
| 43 | C | D | A | C | 93 | A | D | B | A | 143 | B | B | A | C |
| 44 | C | D | B | D | 94 | D | D | A | D | 144 | B | C | B | A |
| 45 | A | B | A | A | 95 | A | C | A | A | 145 | C | D | C | B |
| 46 | A | D | B | D | 96 | D | C | A | D | 146 | B | D | C | B |
| 47 | B | C | D | C | 97 | A | B | A | B | 147 | C | B | A | D |
| 48 | C | C | C | D | 98 | D | D | B | C | 148 | A | B | D | C |
| 49 | A | A | C | A | 99 | D | B | A | A | 149 | D | A | B | B |
| 50 | A | A | C | B | 100 | A | B | D | B | 150 | B | C | B | A |

जाँचकर्ताओं के हस्ताक्षर

SET A .............................. SET B ..............................

SET C .............................. SET D ..............................

परीक्षा नियंत्रक 15-7-25

छ.ग. लोक सेवा आयोग,

नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)